राज्य स्तरीय बैकर्स समिति, झारखण्ड

संयोजक: बैंक ऑफ इंडिया

दिनांक : 11.08.2021

स्थान– बिरसामुंडा सभागार, एसएलबीसी कार्यालय, रांची

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 76 वीं त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखण्ड की 76वीं त्रैमासिक बैठक का आयोजन दिनांक 11.08.2021 को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति कार्यालय, रांची के बिरसामुंडा सभागार से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक, राँची क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबन्धक श्री संजीव सिन्हा ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार श्री अबूबक्कर सिद्दीकी,भा०प्र०से०, सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार श्री अजय कुमार सिंह, भा०प्र०से०, विशेष सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार श्रीमती दीप्ती जयराज, नाबार्ड,झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबन्धक श्री जी. के. नायर, एसएलबीसी, झारखंड के महाप्रबंधक श्री उद्दालक भट्टाचार्य, निदेशक, कृषि विभाग, झारखंड सरकार श्रीमति निशा उरांव, एसएलबीसी, झारखंड के उप-महाप्रबंधक श्री गणेश टोप्पो , जेएसएलपीएस की सीईओ श्रीमति नैन्सी सहाय, भा०प्र०से० विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उंपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त पीएफ़आरडीए के सहायक महाप्रबंधक श्री आशीष डोंगरे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष श्री पीयूष भट्ट एवं अन्य सभी बैंकों के राज्य स्तरीय प्रमुख प्रतिनिधि तथा सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं राज्य सरकार के अन्य विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े हुए थे। **संलग्नक–I में बैठक के सहभागियों की सूची संलग्न है।**

स्वागत भाषण- श्री उद्दालक भट्टाचार्य, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, एस एल बी सी,झारखंड का सम्बोधन

प्रारंभ में, श्री उद्दालक भट्टाचार्य, महाप्रबंधक, एस एल बी सी ने अतिथियों एवं सहभागियों का बैठक मे स्वागत किया। उन्होने एस एल बी सी बैठक की महत्ता एवं अपेक्षाओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा हेतु सभी सदस्यों को आग्रह किया। उन्होने बताया कि जून, 2021 तिमाही में कोविड महामारी के दूसरे लहर के कारण काफी चुनौतीपूर्ण रहा। झारखंड सहित पूरे देश ने इस महामारी में बहुत लोगों ने अपनों को खोया है। महामारी से हमने बहुत कुछ सिखाया है, हालाँकि महामारी का असर कम होने के साथ ही अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है। आशा है कि आने वाले कुछ महीनों में बैंकिंग क्षेत्र मे अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे ।

उन्होने कहा कि 76वीं SLBC के Agenda Book से प्रतीत होता है कि जून,21 तिमाही में बैंकों द्वारा विभिन्न आयामों विशेषकर सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल बैंकिंग एवं Financial Inclusion मे अच्छी प्रगति हुई है। हालाँकि वर्तमान स्थिति के मद्देनजर बैंको को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशानुसार विभिन्न पहलुओ मे निश्चित दिशा में कार्य करने करने की आवश्यकता बतायी।

<u>श्री गणेश टोप्पो – उप महाप्रबंधक,राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति,झारखंड का संबोधन</u>

उपमहाप्रबंधक श्री गणेश टोप्पो ने सभा को संबोधित करते हुये सदन को विगत तिमाही में एसएलबीसी एवं बैंको द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों से अवगत कराया।

- PFRDA द्वारा गत वर्ष SLBC झारखंड, राज्य के कुछ बैंको एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक को Certificate of Excellence तथा Award of Par excellence performance प्राप्ति की बधाई दी।
- सभा को बताया कि SLBC Jharkhand द्वारा जून तिमाही में सभी बैंको से data की रिपोर्टिंग Standardized automated data flow के आधार पर की गयी है, जिससे रिपोर्टिंग में काफी पारदर्शिता आई है।
- पिछली तिमाही की अपेक्षा विभिन्न पहलुओ (CD Ratio, Priority Sector Advance) मे गिरावट आने पर चिंता जाहिर की।
- राज्य सरकार के सहयोग से दिनांक 12 जुलाई 2021 से किसान क्रेडिट कार्ड ड्राइव के तहत 6.96 लाख आवेदन सृजित किए गए, जिनमे 1.57 लाख से अधिक आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत किये जा चुके हैं। राज्य सरकार के दिशानिर्देश द्वारा जिला स्तर पर विश्व आदिवासी दिवस (09.08.2021) के उपलक्ष्य पर KCC वितरण Camp का आयोजन कर प्रचुर मात्रा में ऋण वितरण किया गया है।
- उन्होने सभा को जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा VLW एवं कृषक मित्र की सेवाएँ बैंक शाखाओं को प्राप्त हो रही हैं, जिससे कृषि ऋण वितरण में पहले की अपेक्षा प्रगति हो रही है। साथ ही साथ प्रखण्ड स्तर पर special BLBC करते हुए local level के stakeholders के बीच KCC ऋण वितरण की समीक्षा की जा रही है।
- बैंक शाखाओं को KCC ऋण वितरण के मार्गदर्शन हेतु NABARD द्वारा जारी FAQ का संदर्भ लेकर सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करना चाहिए।
- Secretary, Agriculture, GoJ के दिशा निर्देशानुसार वैसे केसीसी आवेदन जो कि बैंको द्वारा कुछ कमियो के कारण वापिस किए गए हैं उन्हे निदेशक, डेयरी एवं फिशेरी कार्यालय द्वारा खामियों को दूर करते हुए पुनः बैंक मे जमा करने को कहा है।
- श्री टोप्पो ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंको को 80,000 आवेदन का लक्ष्य मार्च 2022 तक दिया गया है जिसके सापेक्ष 44,820 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमे 55% से अधिक आवेदनों की स्वीकृति की जा चुकी हैं साथ ही साथ **"स्वनिधि से समृद्धि:"** campaign के तहत गत सप्ताह रांची, जमशेदपुर एवं धनबाद में
  कैंप का आयोजन कर PM SVANidhi के ऋणी एवं उनके परिवार के सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी Coverage किया जा चुका है।
- उन्होने e -Stamping के संबंध में जानकारी दी कि राज्य–सरकार तथा वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार के सहयोग से झारखंड राज्य में e-Stamping को लागू किया जा चुका है। हालांकि SLBC को अभी तक केवल तीन बैंको द्वारा ही उपयोग की जानकारी प्रदान की गयी है।
- राज्य मे जिन बैंकों द्वारा पिछले वर्ष ACP का लक्ष्य नहीं प्राप्त हुआ था वैसे 18 बैंको द्वारा अपने बैंक का SWOT Analysis का प्रस्तुतीकरन वर्तमान महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक श्री संजीव सिन्हा तथा रा॰स्त॰बै॰स॰ के समक्ष

किया गया जिसमे अपने बैंक की प्रगति बढ़ाने हेतु सुझाव प्राप्त हुए तदनुसार महाप्रबंधक द्वारा लक्ष्य भी बैंकों को प्रदान किये गए। उक्त बैंकों को अपनी प्रगति पुनः महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक तथा रा॰स्त॰बै॰स॰ के समक्ष प्रस्तुत करना है।

- गत एसएलबीसी की बैठक में Joint Secretary,वित्तीय सेवाए विभाग, श्री मदनेश कुमार मिश्रा जी के निर्देशानुसार सभी Private एवं Small finance बैंकों के साथ एसएलबीसी द्वारा अलग से बैठक आयोजित की गयी जिसमे Priority Sector lending एवं Govt sponsored Schemes में उनकी सहभागिता बढ़ाने हेतु प्रत्येक बैंक से चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गयी।
- आरबीआई के निर्देशानुसार राज्य में Cyber Incident reporting mechanism, Karnataka Model के आधार पर लागू करने के लिए राज्य के Major Banks एवं राज्य पुलिस विभाग के साथ विस्तृत चर्चा की गयी एवं झारखंड राज्य के लिए एक मॉडल तैयार किया गया जो कि राज्य मे लागू किया जा सके।
- तीन बैंक (Punjab National Bank, Canara Bank, Union Bank of India) की विशेष समिति द्वारा online Charge Creation के मुद्दे पर बनाए गए ड्राफ्ट पर राज्य के Major Banks के साथ चर्चा की गयी साथ ही साथ राज्य के revenue department के साथ चर्चा कर फ़ाइनल ड्राफ्ट बनाया गया।
- राज्य सरकार द्वारा झारखंड कृषि ऋण माफी योजना में राज्य के केसीसी ऋण के केवल Standard खातों को ही सम्मिलित किया गया, जिससे राज्य में ऋण वसूली का एक माहौल बना जिससे ऋण खातो।
- राज्य सरकार ने अब तक दस जिलों में सर्टिफिकेट ऑफिसर कि नियुक्ति की जा चुकी है,हालाँकि अन्य जिलो मे अविलंब नियुक्ति हेतु प्रयास करने की आवश्यकता बतायी।
- उन्होने कहा कि अब तक East Singhbhum जिले में 99.37% digitally coverage किया जा चुका है इस कार्य से प्रोत्साहित होते हुए RBI के दिशानिर्देशानुसार Ranchi जिले को भी Digitally आच्छादित करने हेतु अभियान शुरू किया गया है। आरबीआई के सहयोग से राज्य के सभी जिलों में बैंक ऑफ इंडिया एवं इंडियन बैंक द्वारा दिसम्बर 2021 तक 44 center for financial literacy की स्थापना की जानी है। जिनमे से दिनांक 31.07.2021 की रिपोर्ट के अनुदार कुल 30 CFLs की स्थापना की जा चुकी है, सीएफ़एल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन करते हुये वित्तीय शिक्षा दी जा रही है।
- उन्होने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि झारखंड राज्य में कुल जनसंख्या का 12.08% Scheduled Caste (SC) and 26.21% Scheduled Tribe (ST) हैं जबकि राज्य के कुल ऋण प्रवाह का केवल 9.09% ही एसटी/एससी वर्ग को दिया गया है, जो कि एक चिंता का विषय है। राज्य में बढ़ता हुआ NPA भी हमारे लिए एक चैलेंज है, एनपीए का data देखने से पता चलता है कि कुछ बैंको का कुछ स्कीम मे खास तौर पर PMEGP में 100% है, जो कि बेहद सोचनीय विषय है, जिसकी तरफ सभी को ध्यान देने के आवश्यकता है।
- उन्होने विश्वास दिलाया कि आज की बैठक SLBC को एक नया आयाम देगी और आने वाले दिनों में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए विशिष्ट दिशा प्रदान करेगी।

श्री जी. के. नायर – मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड,झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय का संबोधन

श्री नायर ने कोविड-19 महामारी के 2nd Wave के कारण कृषि क्षेत्र पर पड़ रहे दुष्प्रभाव की चर्चा करते हुये बताया कि कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानों की मदद के लिए बैंकों को आगे आने की आवश्यकता है।

- राज्य में खरीफ के मौसम मे राज्य मे किसानों को पूंजी की आवश्यकता के मद्देनजर बैंकों से आग्रह किया कि कृषि क्षेत्र में ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तत्परता दिखाने का आग्रह किया।
- उन्होने कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में रोजगार की कमी होने बात कही, हालांकि रिर्वस माइग्रेशन के कारण बाहर से आए मजदूर दूसरे स्टेट में वापस भी लौट रहे हैं। इस विषय पर पलायन रोकने हेतु अपने राज्य मे रोजगार शुरू करने हेतु ऋण उपलब्ध कराने की आवश्यकता बतायी। उन्होने भारत सरकार की Agri Infra fund के अंतर्गत Horticulture के क्षेत्र में ऋण प्रवाह हेतु बैंकों को प्रोत्साहन देने की बात कही।

श्री संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक, आरबीआई , राँची क्षेत्रीय कार्यालय का संबोधन

- श्री सिन्हा ने सभी उच्च पदाधिकारियों एवं सहभागियों का एसएलबीसी बैठक मे अभिवादन किया एवं जून ,21 तिमाही के डाटा का विश्लेषण करते हुए सभा को निम्न महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत कराया।
- सर्वप्रथम, ऋण जमा अनुपात के निरंतर गिरते हुए आँकड़ो पर चिंता जाहिर करते हुए सभा को जानकारी दी कि जून, 2021 तिमाही में राज्य का CD Ratio 37.04% तक आ चुका है, जो कि पिछली मार्च, 2021 तिमाही के CD Ratio 42.43% से काफी नीचे है। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 के जून,2020 तिमाही में राज्य का CD Ratio 54.94% था।
- राज्य में बैंकों का NPA पिछली वित्तीय वर्ष 2020-21 के जून तिमाही से 5.22% बढ़कर जून, 2021 तिमाही में 9.82% हो गया है, यह काफी विचारणीय है। NPA के आँकड़ो में अपेक्षाकृत तीव्र वृद्धि के कारण राज्य में बैंकों द्वारा दिये गए Government Sponserd Scheme के ऋण में भी दर्ज की गई है।
- उन्होने सभा को जानकारी दी कि राज्य के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण प्रवाह में 30% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होने राज्य में ज्यादा शाखाओ वाले बैंकों का प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में कम share होने पर चिंता व्यक्त की।
- इस तिमाही मे बैंकों द्वारा Rationalisation of Branches के कारण राज्य में 43 ग्रामीण शाखाएँ कम होने पर चिंता जाहीर करते हुए बताया कि बैंको को ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बैंकिंग सेवाए सुनिश्चित करनी चाहिए।
- उन्होने साइबर फ्रॉड को राज्य के सभी स्टेक होल्डेर्स के लिए एक महत्वपूर्ण समस्या बताई। उन्होने साइबर फ्रॉड के रोकथाम हेतु Electronic Architecture सृजित करने का सुझाव दिया, जहाँ पुलिस एवं बैंक officials ऑनलाइन जानकारी साझा कर सकेंगें एवं संबन्धित विभाग द्वारा समय पर पूर्व-नियोजित कार्यवाही करते हुये खाताधारकों के जोखिम को कम किया जा सकेगा।
- उन्होने **Land Charge Creation By Bank** के संबंध में कहा कि बैंको की समिति द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से इस विषय पर कार्य किया जा रहा है, निश्चित तौर पर बैंकों को वास्तविक भूस्वामी को ऋण वितरण करने में सुविधा होगी। Digitilisation and Updation of Land Record के कारण राज्य के कृषि ऋण प्रवाह में भी काफी तेजी आएगी।

- 26 मार्च, 2021 को सम्पन्न विशेष एसएलबीसी की बैठक की कृत कार्यवाही के संबंध में कहा कि एसएलबीसी द्वारा सभी संबन्धित विभागों को पत्र लिखा गया है। उन्होने कहा कि केवल पत्र लिखने से कार्यवाही पूरी नहीं हो सकती है, जबतक इसमें कोई उपलब्धि न हो। अत: उन्होने सलाह दी कि एसएलबीसी की आगामी बैठकों में इस विषय की वास्तविक प्रगति की कृत कार्यवाही प्रदर्शित किया जाना चाहिए।
- उन्होने सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में Low Sanction, High rejections and Huge Pendency के संबंध में सलाह दी कि एसएलबीसी की प्रस्तावित बैठक के पहले बैंक एवं प्रायोजित एजेंसी को एक साथ बैठक कर आवेदनों के rejection के कारणों पर परिचर्चा के साथ ही साथ सुधार करने के उपायों पर भी चर्चा करनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की खामियाँ आवेदनों में ना हो तथा बैंक द्वारा ऋण प्रवाह में भी तेजी आएगी।
- उन्होने आगे कहा कि Small Financae Bank के डाटा को देख कर यह परिलक्षित होता है कि राज्य में Small Finance Banks के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। उन्होने जानकारी दी कि आरबीआई द्वारा Collateral Free SHG Finance एवं Loan under Credit Guarantee Fund for Micro Units के लिए नवीनतम दिशा-निर्देश जारी किये है।
- अंत में उन्होने सदन को जानकारी देते हुये बताया कि आरबीआई द्वारा बैंकों पर System of Monetary Penalty के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है, अतः बैंको को एटीएम मे Cash की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।

<u>श्री आशीष डोंगरे,उपमहाप्रबंधक, पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण का सम्बोधन:-</u>

- श्री आशीष डोंगरे ने एसएलबीसी झारखंड एवं सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2020-21 में APY के अंतर्गत पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दिया। उन्होने इस वित्तीय वर्ष 2021-22 में जुलाई तक APY एनरोल्लमेंट मे 35% उपलब्धि होने की जानकारी दी।
- श्री डोंगरे ने पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बरौदा एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को APY enrollment में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी।
- बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को इस वित्तीय वर्ष में जुलाई तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु बधाई दिया। साथ-ही-साथ उन्होने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को पिछली वित्तीय वर्ष में पूरे देश के ग्रामीण बैंक (RRB Category) के वर्ग में 2nd स्थान प्राप्त करने की जानकारी दी।
- उन्होने सभा को जानकारी दिया कि सभी राज्यों के एनआरएलएम से जुड़े SHG Group के सदस्यों को APY enrollment के लिए झारखंड सहित सभी राज्य के एनआरएलएम को पत्र लिखा है, जिससे राज्य में APY enrollment में तेजी आने की संभावना है।
- PFRDA द्वारा चलाये जा रहे APY Citizen Choice Campaign की जानकारी देते हुए एसएलबीसी एवं सभी बैंकों से अनुरोध किया कि इस अवधि में अधिक से अधिक APY Enrollment करने हेतु प्रयास करें।
- अंत मे उन्होने राज्य के एनआरएलएम टीम तथा एसएलबीसी के साथ पीएफ़आरडीए की एक संयुक्त बैठक कराने हेतु अनुरोध किया।

<u>श्री अबूबक्कर सिद्दीकी, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार का सम्बोधन</u>

- श्री अबूबक्कर सिद्दीकी ने सभा को जानकारी दी कि दिनांक 09.08.2021 को विश्व आदिवासी दिवस के दिन पूरे राज्य में बैंकों द्वारा 1.50 लाख केसीसी ऋण वितरित किए गए जिस पर माननीय मुख्यमंत्री ने भी प्रसन्नता जाहीर की।
- उन्होने सभा को जानकारी देते हुए बताया कि केसीसी अभियान के अंतर्गत अभी तक लगभग सात लाख केसीसी आवेदन सृजित किए जा चुके हैं जिसमे पीएम किसान लाभुकों के साथ राज्य के सभी किसानों को केसीसी जारी किया जाना है।
- सभा को जानकारी दी गयी कि राज्य में 30 लाख पीएम किसान के लाभुक हैं तथा राज्य में लगभग 50 लाख से ज्यादा किसान हैं। राज्य में जून, 2021 तक बैंकों की रिपोर्टिंग के अनुसार 13 लाख केसीसी जारी किये गए है। साथ ही राज्य सरकार ने 10 लाख केसीसी आवेदन सृजित करने का तत्काल लक्ष्य रखा है जिससे राज्य के सभी किसानो को केसीसी कार्ड जारी किया जाने हेतु मार्ग प्रशस्त हो।
- उन्होने आरबीआई महाप्रबंधक के वक्तव्य पर सहमति जताते हुये कहा कि केसीसी आवेदनों के निष्पादन में बैंकों द्वारा Reject किए गए आवेदनों की संख्या अधिक है। उन्होने बताया कि प्रत्येक केसीसी आवेदन को सृजित करने में जिला कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन से जुड़े कई अधिकारियों द्वारा काफी परिश्रम किया जाता है। अत: उन्होने बैंकों को सलाह दिया कि वे इन सभी केसीसी आवेदनों को निष्पादन करने की दिशा में कार्य करें। केसीसी आवेदनों में यदि कोई त्रुटि है, तो उसे जिला कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से ठीक करवाने हेतु विशेष बीएलबीसी बैठक आयोजित कर उसमें चर्चा करें।
- इसी प्रकार, उन्होने डेयरी एवं फिशेरी किसानों को केसीसी जारी करने के आंकड़ों के संबंध मे बताया कि बैंकों द्वारा आवेदन स्वीकृति की तुलना में Reject किए जाने वाले आवेदनों की संख्या बहुत अधिक है, जो एक चिंता का विषय है।
- इसी क्रम में, उन्होने एग्री इन्फ्रा फ़ंड की उपलब्धि की चर्चा करते हुये बताया कि भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना में झारखंड राज्य की उपलब्धि नगण्य है, जबकि राज्य का लक्ष्य काफी ज्यादा है। उन्होने कहा कि गत वर्ष राज्य के मुख्य सचिव महोदय, द्वारा प्रत्येक जिले के लिए एग्री इन्फ्रा फ़ंड योजना में कम से कम एक ऋण स्वीकृति का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु उपलब्धि बहुत खराब रही है । उन्होने बैंकों / LDM / नाबार्ड से इस योजना में अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने एवं स्वीकृत करने को कहा।
- उन्होने बैंकों से FPOs एवं Horticulture में फ़ाइनेंस करने के लिए बैंको से अनुरोध किया। साथ ही साथ उन्होने बैंकों को सरकारी योजनाओं के फ़ाइनेंस में विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया, जिससे राज्य का सीडी ratio में सुधार तथा राज्य के गरीबों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी।
- अंत में, उन्होने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के किसानों को "**बिरसा किसान**" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। उन्होने बैंकों से अनुरोध किया कि वे किसानों को ऋण देते समय उनके स्वीकृति-पत्र में किसान के स्थान पर बिरसा किसान लिखा जाए, जिससे राज्य के किसानों को स्थानीय महत्ता बतायी जा सके।
- उन्होने विशेष सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार श्रीमती दीप्ती जयराज के अनुरोध पर अपने विभाग को निर्देश दिया कि जिला प्रशासन द्वारा सृजित केसीसी आवेदनों की बैंकवार-शाखावार सूची उपलब्ध कराएं, जिससे इनकी निगरानी एवं समीक्षा नियमित रूप से की जा सके।

<u>श्रीमति नैन्सी सहाय, सीईओ, जेएसएलपीएस,झारखंड का सम्बोधन</u>

- श्रीमति नैन्सी सहाय ने सभा को संबोधित करने हेतु आग्रह किया कि इस वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम तिमाही में कुल वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 29% एसएचजी आवेदनों को ऋण वितरित किये जा चुके हैं। इस दौरान बैंकों द्वारा कुल 36,697 SHG Groups का क्रेडिट लिंकेज करते हुये कुल रु 200.74 करोड़ वितरित किया गया है। उन्होने बैंकों से अनुरोध किया कि सितम्बर महीने तक हमें कुल वार्षिक लक्ष्य का 60% उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रयास करना चाहिए।
- उन्होने सभा को जानकारी दी कि कुल 2.42 लाख एसएचजी के बचत खाता खोले गए हैं, जिनमें से अभी तक कुल 1.53 लाख एसएचजी बचत खातों की क्रेडिट लिंकेज किया जा चुका है एवं 15 जुलाई तक की स्थिति के अनुसार कुल 88,843 SHG बचत खातों को क्रेडिट लिंकेज किया जाना बाकी है।
- उन्होने आगे कहा कि कुछ बैंकों द्वारा काफी संख्या में एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को बैंक बीसी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होने जानकारी दी कि जेएसएलपीएस द्वारा कुल 3,540 एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को Digi-Pay एजेंट का प्रशिक्षण दिया गया है, जो बैंक बीसी एजेंट के रूप में कार्य कर सकते हैं। अत: उन्होने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि राज्य के प्रत्येक ग्राम-पंचायत में इन एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को बैंक बीसी नियुक्त किया जाए।
- उन्होने सभा को जानकारी दी कि MoRD, भारत सरकार द्वारा सभी एसएचजी ग्रुप की महिलाओं एवं उनके पति को बैंकों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जाना है। झारखंड में कुल 33 लाख महिलाएं 2.63 SHG Groups से जुड़े हैं, जिसमें सभी को पीएमएसबीवाई तथा कम से कम 70% लोगों को पीएमजेजेबीवाई से जोड़ना है। साथ ही साथ कुल Eligible का 10-15% लोगों को APY में Enrollment भी करना है। उन्होने कहा कि कुल लक्ष्य का 60% उपलब्धि सितम्बर महीने तक करनी है, इसके लिए JSLPS द्वारा 07/08/2021 से 07/09/2021 तक सभी जिलों में "**बीमा कराएँ अभियान**" चलाया जा रहा है। उन्होने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बैंकों को जेएसएलपीएस के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया है।
- उन्होने आगे जानकारी दी कि राज्य के विभिन्न बैंकों के पास पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई के लगभग 80 Claim under Process हैं, जिनका निष्पादन बैंकों द्वारा किया जाना है। उन्होने बताया कि SBI-13, JRGB-18, BOI-32, CANARA Bank-8, IOB-4, BOB-2, PNB-1 एवं UCO Bank-1 के पास Claim Satlement under process है। उन्होने संबन्धित बैंकों से अनुरोध किया कि इनका निष्पादन यथाशीघ्र किए जाने का अनुरोध किया।
- अंतमें, उन्होने बताया कि SHG खातों में बैंकों के एनपीए के संबंध में राज्य में कुल SHG Groups का क्रेडिट लिंकेज का 4.47% एनपीए है तथा उनका लक्ष्य है कि इसे Oct. 2021 तक 2.00% तक लाया जा सके एवं इसके लिए JSLPS बैंकों के साथ कार्य कर रहा है।

<u>व्यवसायिक सत्र की परिचर्चा</u>

- इस सत्र में बैंकों द्वारा SLBC पोर्टल पर Standardized सिस्टम के तहत डाटा FLOW पर चर्चा के दौरान एसएलबीसी द्वारा जानकारी दी गई कि जून, 2021 तिमाही हेतु लक्ष्मी विलास बैंक (डीबीएस) के द्वारा डाटा अपलोड/उपलब्ध नहीं कराया गया था, जिसके प्रत्युतर में लक्ष्मी विलास बैंक (डीबीएस) के प्रतिनिधि श्री मनीष सिन्हा ने जानकारी दी कि उनके प्रधान कार्यालय द्वारा दिये गए डाटा में ब्लॉक कोड में गलती होने के कारण डाटा एसएलबीसी को नहीं दिया जा सका।

- उपरोक्तविषय पर आरबीआई द्वारा कहा गया कि भविष्य में यदि किसी बैंक को द्वारा एसएलबीसी की तिमाही बैठक के लिए डाटा उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो उन्हे बैठक में आमंत्रित करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि डाटा के बिना समीक्षा बैठक की प्रासंगिकता नहीं हो सकती है।
- एसएलबीसी बैठक के व्यवसायिक सत्र में चर्चा के दौरान आईएफ़सीआई की प्रतिनिधि श्रीमती बरखा छाबरा ने जानकारी दी कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने मार्च, 2015 में आईएफसीआई को "अनुसूचित जातियों के उद्यमियों के लिए ऋण वृद्धि गारंटी योजना" के कार्यान्वन के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में पदनामित किया है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के उद्यमियों को सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं अर्थात् बैंकों की मार्फत ऋण वृद्धि गांरटी से वित्तीय सहायता प्रदान करके अनुसूचित जाति के बीच उद्यमीयता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति समुदाय के उद्यमियों को बैंकों के माध्यम से 15 लाख से 15 करोड़ तक ऋण पर आईएफसीआई द्वारा गारंटी कवर दिया जाता है। उन्होने आगे जानकारी दी कि इस योजना की विस्तृत जानकारी आईएफसीआई के website से प्राप्त किया जा सकता है।
- एसएलबीसी बैठक के व्यवसायिक सत्र में Digital Banking / Less Cash पर चर्चा के दौरान NPCI के प्रतिनिधि श्री धीरेंद्र सिंह चौहान ने सभा को राज्य डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने हेतु NPCI के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। उन्होने जानकारी दिया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सभी Street Vendors को, जिन्हे बैंक से रु 10,000 का ऋण दिया गया है, उन्हे डिजिटल लेन-देन के लिए QR Code दिया जा रहा है। उन्होने व्यवसायियों को POS मशीन में लगने वाले चार्ज से बचने के लिए QR Code एवं UPI को अपनाने की सलाह दी। उन्होने राज्य के 19 Aspirational Districts एवं Digital District में भी डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने में अपना सहयोग देने की बात कही।
- इस संबंध में, आरबीआई के महाप्रबंधक श्री संजीव सिन्हा ने एसएलबीसी को सभी अग्रणी जिला प्रबन्धकों की एनपीसीआई के साथ एक Online Awareness Programme आयोजित करने के लिए सलाह दिया, जिससे वे इस जानकारी को जिलास्तर पर शाखाओं तक पहुंचा सकें।

<u>श्रीमती दीप्ती जयराज, विशेष सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार का सम्बोधन</u>

- एसएलबीसी बैठक के व्यवसायिक सत्र के उपरांत विशेष सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार श्रीमती दीप्ती जयराज को सभा को संबोधित करने हेतु आग्रह किया गया। श्रीमती दीप्ती जयराज ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि रामगढ़ RSETI भवन निर्माण हेतु आबंटित भूमि में आ रही बाधा को दूर करने के लिए वे स्वयं रामगढ़ जिला उपायुक्त से बात कर रही हैं एवं आशा है कि बहुत जल्दी ही इसका समाधान हो जाएगा, जिससे भवन निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा।
- उन्होने एसएलबीसी से डिजिटल ई-स्टांपिंग की प्रगति रिपोर्ट साझा करने को कहा और सभी बैंकों से अनुरोध किया कि सभी बैंक अपने लोन डॉकयुमेंट की डिजिटल ई-स्टांपिंग शुरू करें। उन्होने एसएलबीसी को SLBC

  पोर्टल पर Standardized सिस्टम के तहत डाटा अपलोडिंग शुरू करने के लिए बधाई दिया। साथ ही साथ उन्होने एसबीआई को सलाह दी कि राज्य के सबसे बड़े बैंक होने के नाते एसएलबीसी को दिये जाने वाले डाटा की सत्यता के प्रति उनकी सबसे ज्यादा ज़िम्मेदारी है एवं उन्हे इसपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।
- उन्होने राज्य में अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 में अच्छा कार्य करने के लिए एसएलबीसी एवं सभी बैंकों को बधाई दिया तथा आशा व्यक्त किया कि इस वित्तीय वर्ष में भी सभी बैंक अच्छा कार्य करेंगें।

- उन्होने सभा को जानकारी दी कि राज्य सरकार Government Business के लिए दो बैंकों का चयन कर रही है, जिसका आधार राज्य में उनका ग्रामीण शाखा नेटवर्क, बीसी नेटवर्क, शिक्षा ऋण, आवास ऋण एवं प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अतर्गत उपलब्धि रहेगी। अत: उन्होने सभी बैंकों को इस क्षेत्र में विशेष प्रयास करने हेतु सलाह दी। उन्होने बैंकों को Interest Subvention Scheme वाले सरकारी योजनाओं का विशेष प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी।

आरबीआई के महाप्रबंधक ने एसएलबीसी से अनुरोध किया कि वे भारतीय स्टेट बैंक से उनके द्वारा दिये गए डाटा की सत्यता के बारे में जानकारी मांगे? इसके जवाब में एसबीआई से एजीएम श्री रूपेश कुमार ने सदन को जानकारी दी कि उनके कुछ ऋण खाते, जो Sanctioned at Out side Jharkhand but Credit Utilised in Jharkhand के वर्ग में आता है, उसमें जून तिमाही में रु 5,000 करोड़ की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण उनके कुल अग्रिम में गिरावट आई है। उन्होने ये खाते तेल क्षेत्र (IOC, HPCL) के होने की जानकारी दी एवं उनके द्वारा एसएलबीसी पोर्टल पर अपलोड किए गए डाटा पूर्णतया: बैंक के सीबीएस पोर्टल से लिया गया है।

अंत में, पंजाब नेशनल बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री दीपक श्रीवास्तव ने एसएलबीसी की 76वीं बैठक में उपस्थित सभी स्टेक होल्डेर्स का धन्यवाद ज्ञापन किया।

(उद्दालक भट्टाचार्य)
महाप्रबंधक,रा. स्त. बै. स.

संलग्न :-

1. **उपस्थिति**
2. **ATR**
3. **जून 2021 तिमाही के विभिन्न उपसमितियों के बैठक का कार्यवृत**

LIST OF PARTICIPANTS IN 76th STATE LEVEL BANKERS' COMMITTEE, JHARKHAND (MEETING HELD ON 11.08.2021)			
S.N	**NAME OF PARTICIPANTS/ ORAGNISATION**	**DESINGNATION**	**BANK/DEPARTMENT**
1	SRI SANJIV SINHA	GENERAL MANAGER (oic)	RESERVE BANK OF INDIA
2	DR. GOPA KUMARAN NAIR	CHIEF GENERAL MANAGER	NABARD
3	SRI RICHARD ALOK EKKA	ASST. GENERAL MANAGER	RESERVE BANK OF INDIA
4	SRI UDDALOK BHATTACHARYA	GENERAL MANAGER	SLBC JHARKHAND
5	SRI GANESH TOPPO	DY. GENERAL MANAGER	SLBC JHARKHAND
6	SMT NANCY SAHAY	SECRETARY	JSLPS
7	GOVT. OF JHARKAHND	SECRETARY	DEPT. OF INDUSTRY
8	GOVT. OF JHARKAHND	DY. DIRECTOR	DEPT. OF AGRICULTURE
9	MRS DIPTHI JAYARAJ	SEPECIAL SECRETARY	IFPI DEPARTMENT
10	GOVT. OF JHARKAHND	SECRETARY	DEPT. OF FINANCE
11	SRI ASHIS DONGARE	ASST. GENERAL MANAGER	PFRDA
12	SRI DHIRENDRA KUMAR CHOUHAN	REPRESENTATIVE	NPCI
13	SRI ANIL KUMAR	STATE NODAL OFFICER	RSETI, JSLPS
14	GOVT. OF INDIA	REPRESENTATIVE	MSME DI
15	GOVT. OF INDIA	REPRESENTATIVE	NATIONAL SC ST HUB RANCHI
16	GOVT. OF INDIA	REPRESENTATIVE	CSC
17	GOVT. OF INDIA	REPRESENTATIVE	STATE OFFICE KVIC
18	GOVT. OF INDIA	REPRESENTATIVE	NATIONAL HOUSING BOARD
19	PSB	DY. GENERAL MANAGER	UCO BANK
20	PSB	ZONAL MANAGER	INDIAN BANK
21	PSB	REGIONAL MANAGER	CENTRAL BANK OF INDIA
22	PSB	DY. REGIONAL MANAGER	BANK OF BARODA
23	PSB	DY. GENERAL MANAGER	UNION BANK OF INDIA
24	PSB	DY. ZONAL MANAGER	BANK OF INDIA
25	PSB	CHAIRMAN	JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK
26	PSB	ASST. GENERAL MANAGER	JHARKHAND RAJYA GRAMIN BANK
27	PSB	ASST. GENERAL MANAGER	CANARA BANK
28	PSB	BRANCH MANAGER	BANK OF MAHARASTRA
29	PSB	CHIEF REGIONAL MANAGER	INDIAN OVERSEAS BANK
30	PSB	CHIEF MANAGER	PUNJAB NATIONAL BANK
31	PSB	DY. GENERAL MANAGER	STATE BANK OF INDIA
32	PSB	CHIEF MANAGER	PUNJAB & SIND BANK
33	PVT BANK	ASST VICE PRESIDENT	YES BANK
34	PVT BANK	REGIONAL HEAD	IDBI BANK
35	PVT BANK	ASST BRANCH MANAGER	KARNATAKA BANK
36	PVT BANK	SENIOR MANAGER	SOUTH INDIAN BANK
37	PVT BANK	CLUSTER HEAD	BANDHAN BANK
38	PVT BANK	SENIOR MANAGER	FEDERAL BANK
39	PVT BANK	ASST BRANCH MANAGER	KARUR VAISYA BANK
40	PVT BANK	BRANCH HEAD	DBS BANK
41	PVT BANK	REPRESENTATIVE	AXIS BANK
42	PVT BANK	REPRESENTATIVE	DCCB
43	PVT BANK	REPRESENTATIVE	HDFC BANK
44	PVT BANK	REPRESENTATIVE	ICICI BANK
45	PVT BANK	REPRESENTATIVE	IDFC FISRT BANK
46	PVT BANK	REPRESENTATIVE	INDUSIND BANK
47	PVT BANK	REPRESENTATIVE	JAMMU & KASHMIR BANK LTD
48	PVT BANK	REPRESENTATIVE	KOTAK MAHINDRA BANK
49	SFB	STATE HEAD	AIRTEL PAYMENT BANK
50	SFB	ZONAL HEAD	UTKARSH SMALL FINANCE BANK
51	SFB	REGIONAL HEAD	JANA SMALL FINANCE BANK
52	SFB	MANAGER	FINO PAYMENT BANK
53	SFB	ASST GENERAL MANAGER	INDIA POST PAYMENT BANK
54	SFB	ZONAL HEAD	UJJIVAN SMALL FINANCE BANK
55	SFB	ASST MANAGER	EASF BANK
56	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	LOHARDAGA

S.N	NAME OF PARTICIPANTS/ ORAGNISATION	DESINGNATION	BANK/DEPARTMENT
57	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	CHATRA
58	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	DUMKA
59	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	SARAIKELA-KHARSAWAN
60	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	GODDA
61	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	RANCHI
62	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	KODERMA
63	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	SIMDEGA
64	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	JAMTARA
65	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	WEST SINGHBHUM
66	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	RAMGARH
67	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	GUMLA
68	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	KHUNTI
69	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	EAST SINGHBHUM
70	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	DEOGHAR
71	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	DHANBAD
72	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	GARHWA
73	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	BOKARO
74	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	HAZARIBAGH
75	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	GIRIDIH
76	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	LATEHAR
77	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	PAKUR
78	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	PALAMAU
79	LDM	LEAD DISTRICT MANAGER	SAHEBGANJ

76 वी. एसएलबीसी के बैठक के दौरान प्रमुख विंदुओ पर अपेक्षित कृत कार्यवाही रिपोर्ट

क्रम संख्या	विषय	विवरण	कृत कार्यवाही
01	किसान क्रेडिट कार्ड	राज्य सरकार के सहयोग मे दिनांक 12 जुलाई 2021 से किसान क्रेडिट कार्ड ड्राइव के तहत 6.96 लाख आवेदन सृजित किए गए, जिनमे 1.57 लाख से अधिक आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत किये जा चुके हैं। पेंडिंग एप्लिकेशन का निष्पादन NABARD द्वारा जारी FAQ का संदर्भ लेकर प्रमुखता से करना है। **(एक्शन: सभी बैंक)** Secretary, Agriculture, GoJ के दिशा निर्देशानुसार वैसे केसीसी आवेदन जो कि बैंको द्वारा कुछ कमियो के कारण वापिस किए गए हैं उन्हे निदेशक, डेयरी एवं फिशेरी कार्यालय द्वारा खामियों को दूर करते हुए पुनः बैंक मे जमा करे। **(एक्शन: निदेशक, Dairy, Fisheries, JMF)** राज्य सरकार द्वारा VLW एवं कृषक मित्र की सेवाएँ बैंक शाखाओं को प्राप्त हो रही हैं, जिससे कृषि ऋण वितरण में पहले की अपेक्षा प्रगति हो रही है। साथ ही साथ प्रखण्ड स्तर पर special BLBC करते हुए local level के stakeholders के बीच KCC ऋण वितरण की समीक्षा की जानी चाहिए। **(एक्शन: सभी एलडीएम)** सभा को जानकारी दी गयी कि राज्य में 30 लाख पीएम किसान के लाभुक हैं तथा राज्य में लगभग 50 लाख से ज्यादा किसान हैं। राज्य में जून, 2021 तक बैंकों की रिपोर्टिंग के अनुसार 13 लाख केसीसी जारी किये गए है। साथ ही राज्य सरकार ने 10 लाख केसीसी आवेदन सृजित करने का तत्काल लक्ष्य रखा है जिससे राज्य के सभी किसानो को केसीसी कार्ड जारी किये जाने हेतु मार्ग प्रशस्त हो। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
02	CD रेशियो, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों मे गिरावट	पिछली तिमाही की अपेक्षा विभिन्न पहलुओं (CD Ratio, Priority Sector Advance) मे गिरावट आने पर चिंता जाहिर की। ऋण जमा अनुपात के निरंतर गिरते हुए आँकड़ो पर चिंता जाहिर करते हुए सभा को जानकारी दी कि जून, तिमाही में राज्य का 2021 CD Ratio37.04 % तक आ चुका है, जो कि पिछली मार्च, तिमाही के 2021CD Ratio42.43 % से काफी नीचे	

		है। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के जून 21-2020,2020 तिमाही में राज्य का CD Ratio54.94 % था। **(एक्शन: सभी बैंक,एलडीएम एवं नाबार्ड)** राज्य के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण प्रवाह में 30% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। राज्य में ज्यादा शाखाओ वाले बैंकों का प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में कम Share होने पर चिंता व्यक्त की गयी। **(एक्शन: सभी बैंक,एलडीएम)**	
03	पीएम स्वनिधि योजना मे बैंको का प्रदर्शन	पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंको को 80,000 आवेदन का लक्ष्य मार्च 2022 तक दिया गया है जिसके मापेक्ष 44,820 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिममे 55% से अधिक आवेदनों की स्वीकृति की जा चुकी हैं साथ ही साथ **"स्वनिधि से समृद्धि:"** campaign के तहत रांची, जमशेदपुर एवं धनबाद में कैंप का आयोजन कर PM SVANidhi के ऋणी एवं उनके परिवार के सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं मे भी Coverage किया जाना है। **(एक्शन: सभी बैंक,संबन्धितएलडीएम)**	
04	e-Stamping सुविधा	e-Stamping के संबंध में जानकारी दी गयी कि राज्य–सरकार तथा वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार के सहयोग से झारखंड राज्य में e-Stamping को लागू किया जा चुका है। हालांकि SLBC को अभी तक केवल तीन बैंको द्वारा ही इसके उपयोग की जानकारी प्रदान की गयी है। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
05	18 बैंको द्वारा SWOT analysis का प्रष्तुतीकरण	राज्य मे जिन बैंकों द्वारा पिछले वर्ष ACP का लक्ष्य नहीं प्राप्त हुआ था वैसे 18 बैंको द्वारा अपने बैंक का SWOT Analysis का प्रस्तुतीकरण वर्तमान महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक श्री संजीव सिन्हा तथा रा॰स्त॰बै॰म॰ के समक्ष किया गया जिममे अपने बैंक की प्रगति बढ़ाने हेतु सुझाव प्राप्त हुए तदनुसार महाप्रबंधक द्वारा बैंकों को लक्ष्य भी प्रदान किये गए। उक्त बैंकों को	

76 वी. एसएलबीसी के बैठक के दौरान प्रमुख विंदुओ पर अपेक्षित कृत कार्यवाही रिपोर्ट

		अपनी प्रगति पुनः महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक तथा रा०स्त०बै०स० के समक्ष प्रस्तुत करनी है। **(एक्शन: संबन्धित सभी बैंक)**	
06	Cyber Incident reporting mechanism	आरबीआई के निर्देशानुसार राज्य में Cyber Incident reporting mechanism, Karnataka Model के आधार पर लागू करने के लिए राज्य के Major Banks एवं राज्य पुलिस विभाग के साथ विस्तृत चर्चा की गयी एवं झारखंड राज्य के लिए एक मॉडल तैयार किया जाना है जो कि राज्य मे लागू किया जा सके। साइबर फ्रॉड को राज्य के सभी स्टेक होल्डेर्स के लिए एक महत्वपूर्ण समस्या बताई गयी। साइबर फ्रॉड के रोकथाम हेतु Electronic Architecture सृजित करने का सुझाव दिया, जहाँ पुलिस एवं बैंक officials ऑनलाइन जानकारी साझा कर सकेंगें एवं संबन्धित विभाग द्वारा समय पर पूर्व-नियोजित कार्यवाही करते हुये खाताधारकों के जोखिम को कम किया जा सकेगा। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
07	Online Charge Creation Facility for Banks	Punjab National Bank, Canara Bank, Union Bank of India की विशेष समिति द्वारा online Charge Creation के मुद्दे पर बनाए गए ड्राफ्ट पर राज्य के Major Banks के साथ चर्चा की गयी साथ ही साथ राज्य के revenue department के साथ चर्चा कर फ़ाइनल ड्राफ्ट बनाया गया। **Land Charge Creation By Bank** के संबंध में राज्य सरकार के सहयोग की अपेक्षा की गयी। उपरोक्त व्यवस्था मे निश्चित तौर पर बैंकों को वास्तविक भूस्वामी को ऋण वितरण करने में सुविधा मिलेगी। Digitilisation and Updation of Land Record के कारण राज्य के कृषि ऋण प्रवाह में भी काफी तेजी आएगी। **(एक्शन: राज्य सरकार)**	
08	सर्टिफिकेट ऑफिसर कि नियुक्ति	राज्य सरकार द्वारा अब तक दस जिलों में सर्टिफिकेट ऑफिसर कि नियुक्ति की जा चुकी है, हालाँकि अन्य	

76 वी. एसएलबीसी के बैठक के दौरान प्रमुख विंदुओ पर अपेक्षित कृत कार्यवाही रिपोर्ट

		जिलों में अविलंब नियुक्ति हेतु प्रयास करने की आवश्यकता बतायी। **(एक्शन: राज्य सरकार)**	
09	100% Digitisation of East Singhbhum and Ranchi District	East Singhbhum जिले में 99.37% digitally coverage किया जा चुका है इस कार्य मे प्रोत्साहित होते हुए RBI के दिशानिर्देशानुमार Ranchi जिले को भी Digitally आच्छादित करने हेतु अभियान शुरू किया गया है। **(एक्शन: संबन्धित एलडीएम एवं बैंक)**	
10	SC / ST को ऋण प्रवाह	झारखंड राज्य में कुल जनसंख्या का 12.08% Scheduled Caste (SC) and 26.21% Scheduled Tribe (ST) हैं जबकि राज्य के कुल ऋण प्रवाह का केवल 9.09% ही एसटी/एससी वर्ग को दिया गया है, जो कि एक चिंता का विषय है। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
11	Government Sponsored Scheme में NPA की स्थिति	राज्य में बैंकों का NPA पिछली वित्तीय वर्ष 2020-21 के जून तिमाही से 5.22% बढ़कर जून, 2021 तिमाही में 9.82% हो गया है, यह काफी विचारणीय विषय है। NPA के आँकड़ो में अपेक्षाकृत तीव्र वृद्धि के कारण राज्य में बैंकों द्वारा दिये गए Government Sponsored Scheme के ऋण में भी दर्ज की गई है। **(एक्शन: सभी बैंक, संबन्धित विभाग)**	
12	कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह	राज्य में खरीफ के मौसम में राज्य में किसानों को पूंजी की आवश्यकता के मद्देनजर बैंकों से आग्रह किया गया कि कृषि क्षेत्र में ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बैंकों को तत्परता दिखानी चाहिये। **(एक्शन: सभी बैंक, राज्य सरकार)**	
13	कोविड 19-महामारी के कारण राज्य में रोजगार	कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में रोजगार की कमी होने की बात कही गयी, हालांकि रिर्वस माइग्रेशन के कारण बाहर से आए मजदूर दूसरे स्टेट में वापस भी लौट रहे हैं। इस विषय पर पलायन रोकने हेतु अपने	

	सृजन हेतु ऋण की उपलब्धता	राज्य मे रोजगार शुरू करने के लिए ऋण उपलब्ध कराने की आवश्यकता बतायी। भारत सरकार की Agri Infra fund के अंतर्गत Horticulture के क्षेत्र में ऋण प्रवाह हेतु बैंकों को प्रोत्साहन देने की बात कही गयी। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
14	ग्रामीण शाखाओं मे कमी	इस तिमाही मे बैंकों द्वारा Rationalisation of Branches के कारण राज्य में 43 ग्रामीण शाखाएँ कम होने पर आरबीआई ने चिंता जाहीर करते हुए बताया कि बैंको को ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बैंकिंग सेवाए सुनिश्चित करनी चाहिए। **(एक्शन: सभी बैंक)**	
15	सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में Low Sanction, High rejections and Huge Pendency के संबंध मे	सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में Low Sanction, High rejections and Huge Pendency के संबंध में सलाह दी गयी कि एसएलबीसी की प्रस्तावित बैठक के पहले बैंक एवं प्रायोजित एजेंसी को एक साथ बैठक कर आवेदनों के rejection के कारणों पर परिचर्चा के साथ ही साथ सुधार करने के उपायों पर भी चर्चा करनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की खामियाँ आवेदनों में ना हो तथा बैंक द्वारा ऋण प्रवाह में भी तेजी आएगी। **(एक्शन: सभी बैंक/ संबन्धित एजेंसी)**	
16	Small Finance Bank का प्रदर्शन	जून तिमाही डाटा के अनुसार Small Finance Banks के प्रदर्शन पर आरबीआई के द्वारा चिंता जाहीर की गयी एवं बताया गया कि प्रदर्शन मे सुधार की आवश्यकता है तथा विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। **(एक्शन-समस्त Small Finance Bank)**	
17	SHG एवं CGFMU के नवीनतम दिशानिर्देश	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा Collateral Free SHG Finance एवं Loan under Credit Guarantee Fund for Micro Units के लिए नवीनतम दिशा-निर्देश जारी किये है। जिन्हे ममस्त बैंक को अनुपालन करना है। **(एक्शन-सभी सदस्य बैंक)**	
18	आरबीआई द्वारा बैंकों पर System of Monetary Penalty	आरबीआई द्वारा बैंकों पर System of Monetary Penalty के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है, अतः बैंको को एटीएम मे Cash की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।	

76 वी. एसएलबीसी के बैठक के दौरान प्रमुख विंदुओ पर अपेक्षित कृत कार्यवाही रिपोर्ट

		(एक्शन-सभी सदस्य बैंक)	
19	APY एनरोलमेंट	श्री आशीष डोंगरे ने एसएलबीसी झारखंड एवं सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2020-21 में APY के अंतर्गत पूरे देश में चौथा स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उन्होने इस वित्तीय वर्ष 2021-22 में जुलाई तक APY एनरोल्लमेंट मे 35% उपलब्धि होने की जानकारी दी। श्री डोंगरे ने पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बरौदा एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को APY enrollment में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी। **(एक्शन-पीएनबी,इंडियन,BOB,यूनियन बैंक)**	
		PFRDA द्वारा सभी राज्यों के एनआरएलएम से जुड़े SHG Group के सदस्यों को APY enrollment के लिए झारखंड सहित सभी राज्य के एनआरएलएम को पत्र लिखा है, जिससे राज्य में APY enrollment में तेजी आने की संभावना है। **(एक्शन-समस्त बैंक,JSLPS)** PFRDA द्वारा चलाये जा रहे APY Citizen Choice Campaign की जानकारी देते हुए एसएलबीसी एवं सभी बैंकों से अनुरोध किया कि इस अवधि में अधिक से अधिक APY Enrollment करने हेतु प्रयास करें। **(एक्शन- समस्त बैंक)** PFRDA ने राज्य के एनआरएलएम टीम तथा एसएलबीमी के साथ पीएफ़आरडीए की एक संयुक्त बैठक कराने हेतु भी अनुरोध किया। **(एक्शन- NRLM,PFRDA,SLBC)**	
20	एग्री इन्फ्रा फ़ंड की उपलब्धि	एग्री इन्फ्रा फ़ंड की उपलब्धि की चर्चा करते हुये बताया गया कि भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना में झारखंड राज्य की उपलब्धि नगण्य है, जबकि राज्य का लक्ष्य काफी ज्यादा है। गत वर्ष राज्य के मुख्य सचिव महोदय, द्वारा प्रत्येक जिले के लिए एग्री इन्फ्रा फ़ंड योजना में कम से कम एक ऋण स्वीकृति का लक्ष्य दिया गया था, किन्तु उपलब्धि बहुत खराब रही है। सचिव कृषि ने बैंकों / LDM / नाबार्ड से इस योजना में	

		अधिक से अधिक आवेदन सृजित एवं स्वीकृत करने को कहा। **(एक्शन-समस्त बैंक, LDM,नाबार्ड)**	
21	FPOs एवं Horticulture सेक्टर में फ़ाइनेंस	सभा ने बैंकों से FPOs एवं Horticulture में फ़ाइनेंस करने के लिए अनुरोध किया। साथ ही साथ बैंकों को सरकारी योजनाओं के फ़ाइनेंस में विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया, जिससे राज्य का सीडी Ratio में सुधार तथा राज्य के गरीबों को आर्थिक स्वतंत्रता मिल सकेगी। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
22	किसानों को "**बिरसा किसान**" क्रेडिट कार्ड प्रदान करना	राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के किसानों को "**बिरसा किसान**" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। उन्होंने बैंकों मे अनुरोध किया कि किसानों को ऋण देते समय उनके स्वीकृति-पत्र में किसान के स्थान पर बिरसा किसान लिखा जाए, जिससे राज्य के किसानों को स्थानीय महत्ता बतायी जा सके। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
23	सृजित केसीसी आवेदनों की बैंकवार- शाखावार सूची उपलब्ध कराने के विषय मे	विशेष सचिव, योजना-सह-वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार श्रीमती दीपी जयराज के अनुरोध पर कृषि सचिव ने विभाग को सृजित केसीसी आवेदनों की बैंकवार-शाखावार सूची उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया, जिससे आवेदनों की निगरानी एवं समीक्षा नियमित रूप से की जा सके। **(एक्शन-कृषि विभाग)**	
24	एसएचजी मे ऋण की समीक्षा	श्रीमति नैन्सी सहाय ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम तिमाही में कुल वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 29% एसएचजी आवेदनों को ऋण वितरित किये जा चुके हैं। इस दौरान बैंकों द्वारा कुल 36,697 SHG Groups का क्रेडिट लिंकेज करते हुये कुल रु 200.74 करोड़ वितरित किया गया है। उन्होंने बैंकों से अनुरोध किया कि सितम्बर महीने तक हमें कुल वार्षिक लक्ष्य का 60% उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रयास करना चाहिए। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
25	SHG क्रेडिट लिंकेज	सभा को जानकारी दी गयी कि राज्य में कुल 2.42 लाख एसएचजी के बचत खाता खोले गए हैं, जिनमें से अभी तक कुल 1.53 लाख एसएचजी बचत खातों की क्रेडिट लिंकेज किया जा चुका है एवं 15 जुलाई तक की स्थिति	

76 वी. एसएलबीसी के बैठक के दौरान प्रमुख विंदुओ पर अपेक्षित कृत कार्यवाही रिपोर्ट

		के अनुसार कुल 88,843 SHG बचत खातों को क्रेडिट लिंकेज किया जाना बाकी है। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
26	एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को बैंक बीसी नियुक्ति	जेएसएलपीएस द्वारा कुल 3,540 एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को Digi-Pay एजेंट का प्रशिक्षण दिया गया है, जो बैंक बीसी एजेंट के रूप में कार्य कर सकते हैं। अत: सभी बैंकों से अनुरोध किया गया कि राज्य के प्रत्येक ग्राम-पंचायत में इन एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को बैंक बीसी नियुक्त किया जाए। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
27	एसएचजी ग्रुप की महिलाओं एवं उनके पति को बैंकों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जाना	CEO JSLPS ने सभा को जानकारी दी कि MoRD, भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी एसएचजी ग्रुप की महिलाओं एवं उनके पति को बैंकों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ा जाना है। झारखंड में कुल 33 लाख महिलाएं 2.63 लाख SHG Groups से जुड़ी हैं, जिसमें सभी को पीएमएसबीवाई तथा कम से कम 70% लोगों को पीएमजेजेबीवाई से जोड़ना है। साथ ही साथ कुल Eligible के 10-15% लोगों को APY में Enrollment भी करना है। उन्होने कहा कि कुल लक्ष्य का 60% उपलब्धि सितम्बर महीने तक करनी है, इसके लिए JSLPS द्वारा 07/08/2021 से 07/09/2021 तक सभी जिलों में **"बीमा कराएँ अभियान"** चलाया जा रहा है। उन्होने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बैंकों को जेएसएलपीएस के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया है। **(एक्शन-समस्त बैंक)**	
28	पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई के Claim की प्रोसेसिंग	JSLPS द्वारा जानकारी दी गयी कि राज्य के विभिन्न बैंकों के पास पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई के लगभग 80 Claim under Process हैं, जिनका निष्पादन बैंकों द्वारा किया जाना है। उन्होने बताया कि SBI-13, JRGB-18, BOI-32, CANARA Bank-8, IOB-4, BOB-2, PNB-1 एवं UCO Bank-1 के पास Claim Settlement under process है। उन्होने संबन्धित बैंकों से अनुरोध किया कि इनका निष्पादन यथाशीघ्र किए जाने का अनुरोध किया। **(एक्शन-संबन्धित बैंक)**	

29	SHG खातों में बैंकों के एनपीए	JSLPS ने बताया कि बैंकों में राज्य में कुल SHG Groups का क्रेडिट लिंकेज का 4.47% एनपीए है तथा उनका लक्ष्य है कि इसे Oct 2021 तक 2.00% तक लाया जा सके एवं इसके लिए JSLPS बैंकों के साथ कार्य कर रहा है। **(एक्शन-समस्त बैंक, JSLPS)**	
